दिनांक : 12.06.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## योग-प्रारंभिक

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह साढे छह बजे से सात बजकर चालीस मिनट तक सामान्य योग प्रोटोकॉल पर आधारित एक लाख से अधिक योग कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम है **एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य**। नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेंगे इसमें **करीब 40 देशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे ।**

## विश्व रक्तदाता दिवस

विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून को मनाया जाएगा इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यकर्मों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रीवी जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस संबंध में आयोजित बैठक में कल जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शैक्षणिक संस्थाओं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र-छात्राओं सहित अधिकारियों, कर्मचारियों को भी शिविर में रक्तदान हेतु आगे आने का आह्वान किया है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाड़ली बहना योजना की 25वीं किस्त कल जारी करने जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि सरकार का सशक्त नारी, समृद्ध मध्यप्रदेश का वादा है जिसके तहत 1250 रुपए की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की जाएगी।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बारडोली, सूरत, गुजरात में आयोजित 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के समापन समारोह में हिस्सा लिया। 29 मई से शुरू हुए इस अभियान का आज अंतिम दिन था। 15 दिवसीय इस अभियान के दौरान एक करोड़ आठ लाख से अधिक किसानों के साथ वैज्ञानिकों ने संवाद किया। प्रदेश में भी इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम विभाग ने आज के लिए 12 जिलों में लू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच यहां 15 जून से मानसून पहुंचने की संभावना है।

प्रदेश के भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर के साथ ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर जिलो में आज लू के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके पहले कल लगातार 5वें दिन भी भीषण गर्मी का असर प्रदेश में देखा गया। ग्वालियर समेत 6 शहर ऐसे रहे, जहां तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया, सबसे गर्म छतरपुर का नौगांव रहा यहां तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि 15 जून से प्रदेश में मानसून दस्तक देगा है जिसके चलते कल से राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है।
प्रशांत शर्मा , आकाशवाणी समाचार भोपाल

समाचार संक्षेप में...

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आज विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर प्रदेशवासियों से राज्य को बालश्रम के अभिशाप से मुक्त बनाने का आव्हान किया है।
- शिवपुरी जिले में आज वन्यजीवों की निगरानी और सुरक्षा के लिए तैयार किए गए एम स्ट्राइप्स एप का प्रशिक्षण कार्यक्रम वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया।
- खंडवा में द्वारा देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। नारद जी की जयंती प्रतिवर्ष पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाई जाती है।

- युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से आगरमालवा जिले में 11 जून से चल रही बेडमिंटन, बास्केटबॉल और शतरंज खेल की प्रतियोगिताओं का समापन 30 जून को होगा।

**नमस्कार।**